क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को बरेली मंडल के चार जनपदों बरेली, पीलीभीत, बदायूं और शाहजहांपुर की विकास योजनाओं की गहन समीक्षा की। इस दौरान कई सांसद, विधायक समेत जनप्रतिनिधियों के प्रस्तावों पर महत्वपूर्ण परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की। सर्किट हाउस में आयोजित मंडलीय समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ संवाद कर उनकी जमीनी समझ व अनुभव के आधार पर नए विकास कार्यों को प्राथमिकता दी। कैंट विधायक संजीव अग्रवाल के प्रस्ताव पर आधुनिक सैटेलाइट फ्लाईओवर को वाईशेप में बनाये जाने, पीलीभीत बाईपास को फोरलेन में बदले जाने को मंजूरी दी गई। जिससे पीलीभीत रोड की ओर आवागमन सहज और दुर्घटनामुक्त हो सकेगा। मुख्यमंत्री बहुप्रतीक्षित नाथ गलियारा योजना को तेजी से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। सुभाषनगर अंडरपास को प्राथमिकता में शामिल किया, इससे शहर के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों को जोड़ने में सहूलियत होगी। पवन विहार कॉलोनी के पीछे हरूनगला से लेकर नागदेवता मंदिर तक नई सड़क का निर्माण को स्वीकृति दी गयी। यह मार्ग धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र की कनेक्टिविटी को भी और बेहतर बनायेगा।

### बरेली में बोले- मुख्यमंत्री पहले नौकरियों की होती थी डकैती, चाचा-बबुआ दोनों करते थे वसूली

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार सुबह करीब साढ़े 10 बजे राजकीय वायुमान से बरेली के त्रिशूल एयरबेस पर पहुंचे। यहां जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इसके बाद मुख्यमंत्री कार से सर्किट हाउस पहुंचे। उन्होंने जनप्रतिनिधियों के साथ मंडलीय बैठक कर जिलों के विकास कार्यों की प्रगति जानी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बरेली को कई विकास योजनाओं की सौगात दी। उन्होंने 223 विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इसके साथ ही जिले में होने वाले 322 विकास कार्यों का शिलान्यास भी किया। इस मौके पर बरेली कॉलेज मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए पिछली सरकारों पर जमकर निशाना साधा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत माता की जय से अपने संबोधन की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि सावन माह में नाथनगरी में आकर महादेव के चरणों में नमन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। बरेली की जनता को विकास कार्यों के लिए बधाई। उन्होंने कहा कि जब अच्छी सरकार आती है तो विकास और समृद्धि साथ लेकर आती है। यह वही बरेली है, 2017 से पहले इस पर दंगे का दाग लगता है। बरेली दंगाग्रस्त जनपद बन गया था। लेकिन 2017 के बाद दंगा नहीं बल्कि आज नाथ कॉरिडोर से बरेली की पहचान बन गई है। मुख्यमंत्री ने शहर के सात नाथ मंदिरों का जिक्र किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले नौकरियों पर डकैती डाली जाती थी। बंटरबांट होता था। कहीं चाचा वसूली के लिए निकलते थे, कहीं बबुआ। कहीं कोई भतीजा निकल रहा तो कहीं पर भाई निकल रहा। उन रिश्तों को देखकर हर कोई असमंजस में रहता था कि महाभारत में तो ये रिश्ते देखे थे, लेकिन एक नौजवान की नौकरी पर ये रिश्ते कैसे लूट मचाए हुए थे, यह सबने देखा है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारें बांटने का काम करती थीं। वोटबैंक की राजनीति के माध्यम से तुष्टिकरण करती थीं। सुरक्षा में सेंध लगाने वालों का सम्मान करती थीं। डबल इंजन की भाजपा सरकार तुष्टिकरण नहीं बल्कि विकास से जनता की संतुष्टि का माध्यम बन रही है। विरासत को विकास के माध्यम से जोड़ रही है। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के बारे में बताया मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां रोजगार मेला भी लगा है। युवाओं को नियुक्ति पत्र भी वितरित हुए हैं। बताया कि उत्तर प्रदेश में सरकार ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी स्कीम लागू की है। इसके तहत लाभार्थी को पांच लाख रुपये का गारंटी मुक्त ब्याज मुक्त ऋण मिलता है। सरकार इस योजना से अब तक 70 हजार युवाओं को जोड़ चुकी है। उन्होंने कहा कि पहले युवाओं के लिए योजना नहीं बनती थीं। 2017 से पहले युवाओं के सामने पहचान का संकट था। आज पहचान के संकट से नहीं गुजरता नहीं पड़ रहा है। यूनानी मेडिकल कॉलेज का किया लोकार्पण मुख्यमंत्री योगी हजियापुर में बनकर तैयार यूनानी मेडिकल कॉलेज का लोकार्पण किया। यह बरेली मंडल का पहला यूनानी मेडिकल कॉलेज है। इसके शुरू होने के बाद मंडल में इलाज के साथ पढ़ाई की राह आसान होगी। बरेली कॉलेज स्थित जनसभा स्थल पर मुख्यमंत्री की मौजूदगी में रोजगार मेले में करीबी 6000 पदों के लिए अभ्यर्थियों का चयन किया गया। सीएम युवा उद्यमी योजना के तहत लाभार्थियों को डमी चेक भी दिए गए।

## लगातार हो रही बरसात के कारण जिले के सभी स्कूलों की छुट्टी की खबर मिलते ही बच्चों के चेहरे पर खुशी की लहर दौडी

क्यूँ न लिखूँ सच/ मोहम्मद सलीम / न्यूरिया पीलीभीत। लगातार हो रही बरसात के कारण जिले के सभी स्कूलों की छुट्टी की खबर मिलते ही बच्चों के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ पड़ी। बारिश की रिमझिम फुहारों के बीच जब मोहल्ले की गलियों में पानी बहने लगा तो वह उन्हें किसी झील से कम न लगा। घरो से हाथों में छतरियां थामे बच्चों की टोलीयो ने मोहल्ले की गलियों में निकल कर खूब रिमझिम बरसात का आनंद लिया। उधर, नगर क्षेत्र में बारिश के कारण कई स्थान जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई। नगर पंचायत क्षेत्र में सड़कों पर पानी भरने से आवागमन बाधित होने लगा। स्थिति को देखते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष के पति जुल्फिकार अहमद ने तत्परता दिखाते हुए क्षेत्र के बंद बाहरी नालों की जेसीबी मशीन से सफाई कराई। सफाई के बाद जलनिकासी की व्यवस्था सुधरी और मुख्य सड़कों से पानी हटाया गया। टनकपुर हाईवे पर बने नाले को भी खोलकर पानी की निकासी सुनिश्चित की गई।



## मूसलाधार ने जनजीवन किया अस्त-व्यस्त, दो दिन बंद रहेंगे स्कूल, डीएम ने जारी किया आदेश

क्यूँ न लिखूँ सच/ अरविंद कुमार / पीलीभीत/ पीलीभीत में मंगलवार को हुई मूसलधार बारिश ने जनजीवन को पूरी तरह से पटरी से उतार दिया। भारी बारिश के कारण कक्षा एक से आठ तक के सभी स्कूलों को बंद कर दिया गया है। जिलाधिकारी के निर्देश पर यह फैसला लिया गया, जिससे बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। सुबह से हो रही लगातार बारिश ने शहर को तालाब में तब्दील कर दिया है। भारी बारिश और जलभार की स्थिति को देखते हुए पीलीभीत के स्कूलों में दो दिनों के लिए अवकाश बढ़ा दिया गया है। डीएम ने बीएसए को निर्देशों को सख्ती से लागू कराने को निर्देशित किया है। वहीं, एक दिन पहले केवल 5 अगस्त तक के लिए परिषदीय विद्यालयों को बंद रखने का आदेश था। यानी अब 7 तारीख तक स्कूलों की छुट्टी रहेगी। बता दें लगातार सोलह घंटे से अधिक बीतने के बाद बारिश के तेवर देख का डीएम ने निर्णय लिया है। मंगलवार सुबह से शाम तक 68 मिमी वर्षा दर्ज की गई, जिससे अब तक सीजन की कुल वर्षा 389 मिमी हो चुकी है। शहर की सड़कें, गलियां, कॉलोनियां और बाजार पानी से लबालब हो गए हैं। मेन मार्केट, स्टेशन रोड, राजबाग कॉलोनी सहित कई क्षेत्रों में पानी भर गया है, जिससे ट्रैफिक पूरी तरह जाम हो गया और बाजारों की दुकानें बंद करनी पड़ीं। बारिश का पानी घरों के अंदर तक घुस गया, जिससे लोग अपने ही घरों में कैद हो गए हैं। नालियों की सफाई ना होने और अधूरे नाले निर्माण ने हालात को और भी बिगाड़ दिया है। सबसे गंभीर स्थिति तब देखने को मिली जब बाढ़ खंड, सिंचाई विभाग, सूचना विभाग, गन्ना अधिकारी कार्यालय, टीबी अस्पताल, छ्ढ्ढह्लस्र ऑफिस और नगर पालिका जैसे दर्जनभर सरकारी दफ्तरों में पानी भर गया। सरकारी कार्य पूरी तरह ठप हो गए हैं। नगर प्रशासन द्वारा राहत कार्य शुरू कर दिया गया है, लेकिन तेजी से जलनिकासी ना होने के कारण स्थिति अभी भी नियंत्रण से बाहर दिखाई दे रही है। लोग पेयजल, बिजली और आवागमन जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए जूझ रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि अगर जल्द ही जलनिकासी की पुख्ता व्यवस्था नहीं की गई, तो हालात और भी खराब हो सकते हैं।

## आईटीबीपी शिवपुरी में सर्वोत्तम प्रशिक्षण केंद्र चयन हेतु निरीक्षण सम्पन्न- महिला प्रशिक्षार्थियों की प्रस्तुतियों ने बटोरी सराहना

क्यूँ न लिखूँ सच/ शिवपुरी। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी) के संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, शिवपुरी में दिनांक 3 से 5 अगस्त तक बल के सर्वोत्तम प्रशिक्षण केंद्र चयन हेतु गहन निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण भा.ति.सी.पु. अकादमी के उप महानिरीक्षक श्री निशिथ चन्द्र द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षार्थियों ने इनडोर एवं आउटडोर प्रशिक्षण का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से भी उन्होंने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। विशेष रूप से महिला प्रशिक्षार्थियों की प्रस्तुतियों की खूब सराहना की गई। उप महानिरीक्षक ने कहा कि बल में महिलाओं की संख्या भले ही 3-4 प्रतिशत है, किंतु उनकी सक्रिय भागीदारी 30-40 प्रतिशत तक प्रभावशाली है। उन्होंने महिला कर्मियों से आह्वान किया कि वे आगे आकर अपनी क्षमताओं को और निखारें एवं नेतृत्व की भूमिका में आगे बढ़ें। साथ ही तनाव प्रबंधन के लिए ऐसे रचनात्मक आयोजनों को निरंतर आयोजित करने पर भी बल दिया। निरीक्षण उपरांत श्री चन्द्र द्वारा संस्थान परिसर में पौधारोपण भी किया गया। इस अवसर पर संस्थान के द्वितीय कमान श्री भरत बालकृष्ण वेरुलकर, उप सेनानी के. सोलई राज, जितेन्द्र कुमार प्रजापति, जगदीश सी.पी., सहायक सेनानी अनिल कुमार भावे, सभी प्रशिक्षक एवं प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।, कार्यक्रम के समापन पर उप महानिरीक्षक ने सभी प्रशिक्षकों, आयोजकों एवं प्रतिभागियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और प्रस्तुतियों की भूरि-भूरि प्रशंसा की।



## एमएलसी श्रीमती रमा आर.पी. निरंजन ने डिकोली जागीर में बाढ़ प्रभावितों का हाल जाना, राहत सामग्री वितरित की

क्यूँ न लिखूँ सच/ नीरज कुमार/जालौन, माधौगढ़ / आज जालौन जनपद के माधौगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत डिकोली जागीर में उत्तर प्रदेश विधान परिषद सदस्य श्रीमती रमा आर.पी. निरंजन ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की समस्याओं को निकटता से समझा और राहत सामग्री का वितरण किया। श्रीमती निरंजन ने प्रशासनिक अधिकारियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर राहत कार्यों की जमीनी स्थिति का निरीक्षण किया और यह सुनिश्चित किया कि कोई भी परिवार सहायता से वंचित न रह जाए। उन्होंने कहा कि, हमारा उद्देश्य है कि हर पीड़ित तक राहत पहुँचे और उन्हें इस आपदा से बाहर निकालने में सरकार हर संभव प्रयास करे। इस अवसर पर रामपुरा नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती गायत्री वर्मा, उ.प्र. राज्य निर्माण सहकारी संघ की निदेशक, जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा श्री सूर्य नायक, पूर्व चेयरमैन रामपुरा श्री शैलेन्द्र सिंह, जिलाध्यक्ष वीडीसी संघ श्री सुभाष द्विवेदी, जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा श्री राजीव निरंजन, सभासद कोंच श्री शादाब अंसारी, पूर्व प्रधान वी.पी. सिंह, प्रधान काशीपुरा श्री अरविंद पटेल, श्री सुधीप सिंह सेंगर, एसडीएम माधौगढ़ व तहसीलदार समेत अन्य अधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जनसेवा को संकल्प मानने वाली एमएलसी श्रीमती रमा आर.पी. निरंजन ने राहत कार्यों को लेकर लोगों को भरोसा दिलाया कि प्रशासन उनके साथ खड़ा है और हर जरूरतमंद तक सहायता पहुँचाई जाएगी।



## पत्नी के घर पहुंचकर पति ने की फायरिंग, गाली-गलौज का वीडियो वायरल

क्यूँ न लिखूँ सच/लवकुश ठाकुर/ अलीगढ़ थाना खैर कोतवाली क्षेत्र में उस समय अफरा-तफरी मच गई। जब पति पवन ने अपने साथियों के साथ ससुराल पहुंचकर जमकर फायरिंग और गाली-गलौज की। यह पूरी घटना सोशल मीडिया पर वीडियो के रूप में वायरल हो गई है। आपको बतादें कि काजल की शादी दो साल पहले पवन (निवासी पारसोली, मथुरा) से हुई थी। विवाह के बाद पवन और उसके परिवार ने अतिरिक्त दहेज में कार और 2 लाख की मांग की जो पूरी न होने पर काजल को एक साल पहले मायके छोड़ गए। बीती रात पवन अपने कुछ साथियों के साथ काजल के घर पहुंचा और गाली-गलौज करते हुए फायरिंग शुरू कर दी। जान बचाने के लिए काजल और उसके परिजनों ने पड़ोसी की छत पर कूदकर अपनी जान बचाई। घटना की सूचना मिलते ही इलाका पुलिस मौके पर पहुंची और मामला दर्ज कर तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

## ऐतिहासिक धरोहरें संरक्षण की राह में, शाहगढ़ का प्राचीन टीला पर्यटन को दे सकता नई ऊंचाई

क्यूँ न लिखूँ सच/ अरविंद कुमार / पीलीभीत/ जिस तरह बीते वर्षों में सरकार की ओर से पीलीभीत की प्राकृतिक सम्पदा को सहेज कर यहां का नाम देश दुनिया के नक्श पर दर्ज कराया गया है। ठीक उसी तरह यदि ऐतिहासिक धरोहरों पर भी ध्यान दिया जाए तो पीलीभीत में पर्यटन नई ऊंचाईयों को छू लेगा। पीलीभीत की तमाम ऐतिहासिक व सांस्कृतिक धरोहर वर्षों से संरक्षण की आस में है। इनमें से एक है शाहगढ़ का प्राचीन टीला जिसे राज वेणु का किला भी कहा जाता है। दरअसल पीलीभीत में तमाम प्राचीन धरोहर मौजूद हैं लेकिन दुर्भाग्य है कि सब बदहाल हैं। लेकिन बीते वर्ष सामाजिक कार्यकर्ता के प्रयासों के चलते शाहगढ़ में मौजूद टीले का राज्य पुरातत्व सर्वेक्षण की टीम ने ग्राउंड सर्वे किया था। सर्वे टीम ने यह भी माना कि यह टीला काफी अधिक प्राचीन है। पीलीभीत के शाहगढ़ इलाके में महाभारत काल के समकालीन शासक राजा वेणु का किला हुआ करता था। इस किले के शाहगढ़ में मौजूद होने की पुष्टि ब्रिटिशकालीन भारत के पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के प्रथम निदेशक एलेक्जेंडर कनिंघम ने सन 1862,1863,1864 में प्रकाशित अपनी सर्वे रिपोर्ट में भी किया था। यह महत्वपूर्ण विरासत भी अनदेखी का शिकार हो रहा थी। आलम यह है कि और पुरातात्विक महत्व रखने वाले इस टीले की ज़मीनों पर खेती की जा रही है। बावजूद इसके इस इमारत के संरक्षण की फाइलें एक दफ्तर से दूसरे दफ्तर के बीच फुटबॉल बनी हुई है। शाहगढ़ से पहले भी तमाम धरोहरों को भारतीय पुरातत्व और राज्य पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग द्वारा संरक्षित किया है। संरक्षित धरोहरों में शामिल इमारतों में सबसे पहली इमारत जामा मस्जिद है। शहर में स्थित जामा मस्जिद को वर्ष 1965 में संरक्षित सूची में शामिल किया गया था। इसके अलावा शहर का गौरीशंकर मंदिर, इलाबांस देवल मंदिर, बरेली और कोतवाली दरवाजा शामिल है।



## प्रधानमंत्री जनमन योजना से आदिवासी घरों में आई रोशनी: शिवपुरी जिले के 3,640 परिवार हुए लाभान्वित

क्यूँ न लिखूँ सच/ अरविंद कुमार / पीलीभीत/ शिवपुरी। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा संचालित प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान (प्रधानमंत्री जनमन योजना) के अंतर्गत अब तक 10 आदिवासी बहुल अधिक जिलों में 12,000 से घरों में बिजली आदिवासी परिवारों के पहुंचाई जा चुकी है। इस महत्वाकांक्षी योजना में शिवपुरी जिले के 3,640 सहरिया जनजाति परिवारों को भी विद्युत सुविधा का लाभ मिला है। यह योजना प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की प्राथमिक योजनाओं में से एक है, जिसके अंतर्गत मध्यप्रदेश के ग्वालियर, विदिशा, अशोकनगर, श्योपुर, दतिया, गुना, शिवपुरी, रायसेन, मुरैना और भिण्ड जिलों में बैगा, भारिया और सहरिया जनजाति के उन घरों को रोशन किया जा रहा है जो अब तक विद्युत सुविधा से वंचित थे। जल्द ही और 2,000 घर होंगे रोशन- शेष बचे हुए लगभग 2,000 पात्र आदिवासी परिवारों के घरों को भी जल्द ही विद्युत सुविधा से जोड़ा जाएगा। कंपनी द्वारा इस दिशा में तेज़ी से कार्य किया जा रहा है। रहन-सहन में आया बदलाव इस योजना से आदिवासी परिवारों के जीवन स्तर में स्पष्ट सुधार देखा जा रहा है। बच्चों को पढ़ाई का बेहतर माहौल मिल रहा है, वहीं घरेलू कार्यों में भी आसानी हो रही है। साथ ही, पीने के पानी, सड़क बत्ती और अन्य मूलभूत सुविधाएं मिलने से ग्रामीण क्षेत्रों का समग्र विकास हो रहा है। यह योजना ना सिर्फ बिजली पहुंचा रही है, बल्कि आदिवासी समाज को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है।



## रिठौरा में अतिक्रमण हटाने की तैयारियां शुरू


क्यूँ न लिखूँ सच/ रिठौरा। थाना हाफिजगंज के कस्बा रिठौरा के शमशान भूमि के सामने दर्जनों खोखे रखकर अतिक्रमण किया गया है। इसके साथ ही पवित्र स्वर्ग धाम में अतिक्रमण करने के साथ -साथ उसके अंदर मूत्र त्याग एवं अनैतिक कार्यों को अंजाम दिया जा रहा है। हिंदू जागरण मंच एवं स्वाभिमान सुरक्षा समिति के जिला अध्यक्ष अरूण कुमार फौजी ने मामले का संज्ञान लेकर जिले के आलाधिकारियों से तुरंत अतिक्रमण हटाने तथा उक्त स्थान पर देश के प्रधानमंत्री के विशेष अभियान एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत पौधारोपण करने का प्रस्ताव है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अतिक्रमण करने वालों को स्थानीय प्रशासन द्वारा अभी तक अतिक्रमण हटाने का कोई नोटिस नहीं मिला है।

जिस कारण हठधर्मिता से जमे हुए हैं। एसडीएम सदर प्रमोद कुमार ने बताया यदि अतिक्रमण स्वयं हटा लेते हैं।तो उनको राहत रहेगी। यदि प्रशासन हटवाएगा,तो सब माल जब्त कर लिया जाएगा। तथा मशीन का खर्चा अतिक्रमण करने वालों से बसूला जाएगा।रिठौरा का अनोखा भुमसेन मंदिर पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ पुजारी शत्रुघ्न मिश्रा ने आवाज उठाई तो पुजारी को ही मंदिर से भगाने के लिए मनगढ़ंत आरोप लगाकर परेशान करना शुरू कर दिया। पीड़ित पुजारी ने रिठौरा पुलिस चौकी पर मामले की शिकायत की है। वहीं हिंदूवादी संगठनों का कहना है किसी भी धार्मिक स्थल पर अंतिम बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### संक्षिप्त समाचार

## बहनोई ने साले पर किया चाकू से हमला, मौके पर मौत

क्यूँ न लिखूँ सच/लवकुश ठाकुर/ अलीगढ़ अकराबाद क्षेत्र के गांव नानऊ में सोमवार को एक सनसनीखेज वारदात में बहनोई ने साले विनीत और उसके दोस्त शैलेंद्र पर चाकू और फरसे से हमला कर दिया। हमले में विनीत की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका दोस्त शैलेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे सीएचसी अकराबाद में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार, विनीत और शैलेंद्र नगला कोठी से नानऊ पैसे देने आए थे, तभी विनीत के बहनोई ने अचानक हमला बोल दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामला दर्ज कर लिया है। हमले के बाद आरोपी बहनोई फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।



## शराब कारोबारी से हथियारबंद बदमाशों ने की लूट, एक लाख नकद और दो iPhone लेकर फरार

क्यूँ न लिखूँ सच/लवकुश ठाकुर/ अलीगढ़ थाना गांधी पार्क क्षेत्र के गांव भदेसी के निकट कार सवार शराब कारोबारी से अज्ञात बदमाशों ने हथियारों के बल पर लूटपाट की सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया। बदमाशों ने कारोबारी की कार पर गोली चला कर शीशा तोड़ा और तमंचे की बट से वार कर उसका सिर फाड़ दिया। इसके बाद बदमाश कार में रखे एक लाख रुपये नकद और दो iPhone लूटकर मौके से फरार हो गए। बताया जा रहा है कि पीड़ित शराब कारोबारी सिरोलिया फाटक स्थित शराब और बीयर की कंपोजिट दुकान बंद कर अपने साथी के साथ घर लौट रहा था, तभी घटना हुई। सूचना पर पहुंची गांधी पार्क थाना पुलिस ने मौके का मुआयना किया और बदमाशों की तलाश शुरू की, लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं लग सका है। पीड़ित द्वारा अज्ञात बदमाशों के खिलाफ थाने में तहरीर दी गई है और पुलिस जांच में जुट गई है।

## कस्बा रिठौरा के शमशान भूमि के सामने दर्जनों खोखे रखकर अतिक्रमण किया गया

क्यूँ न लिखूँ सच/ रिठौरा। थाना हाफिजगंज के कस्बा रिठौरा के शमशान भूमि के सामने दर्जनों खोखे रखकर अतिक्रमण किया गया है। इसके साथ ही पवित्र स्वर्ग धाम में अतिक्रमण करने के साथ -साथ उसके अंदर मूत्र त्याग एवं अनैतिक कार्यों को अंजाम दिया जा रहा है। हिंदू जागरण मंच एवं स्वाभिमान सुरक्षा समिति के जिला अध्यक्ष अरूण कुमार फौजी ने मामले का संज्ञान लेकर जिले के आलाधिकारियों से तुरंत अतिक्रमण हटाने तथा उक्त स्थान पर देश के प्रधानमंत्री के विशेष अभियान एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत पौधारोपण करने का प्रस्ताव है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अतिक्रमण करने वालों को स्थानीय प्रशासन द्वारा अभी तक अतिक्रमण हटाने का कोई नोटिस नहीं मिला है।जिस कारण हठधर्मिता से जमे हुए हैं। एसडीएम सदर प्रमोद कुमार ने बताया यदि अतिक्रमण स्वयं हटा लेते हैं।तो उनको राहत रहेगी। यदि प्रशासन हटवाएगा,तो सब माल जब्त कर लिया जाएगा। तथा मशीन का खर्चा अतिक्रमण करने वालों से बसूला जाएगा।रिठौरा का अनोखा भुमसेन मंदिर पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ पुजारी शत्रुघ्न मिश्रा ने आवाज उठाई तो पुजारी को ही मंदिर से भगाने के लिए मनगढ़ंत आरोप लगाकर परेशान करना शुरू कर दिया। पीड़ित पुजारी ने रिठौरा पुलिस चौकी पर मामले की शिकायत की है। वहीं हिंदूवादी संगठनों का कहना है किसी भी धार्मिक स्थल पर अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## वाटरशेड आर्गेनाइजेशन ट्रस्ट के द्वारा चावल संघनिकरण विधि ( श्रीं विधि ) से धान की रोपाई का प्रदर्शन किया गया

क्यूँ न लिखूँ सच/ वाटरशेड आर्गेनाइजेशन ट्रस्ट ने चावल संघनिकरण विधि (श्रीं विधि) से धान की रोपाई का प्रदर्शन चाँदनी के सोलह ग्रामों के सौ किसानों के खेत मे किया। इस कार्यक्रम के तहत समस्त किसानों को 1 किलोग्राम धान बीज, अम्बिका पैड्डी वीडर, पीला चिपचिपा ट्रैप उपलब्ध कराया गया, यह विधि धान की खेती में एक नवीन और प्रभावी तकनीक है, जिससे धान की उत्पादकता में वृद्धि होती है और संसाधनों का बेहतर उपयोग होता है। यह विधि जलवायु अनुकूल भी है इसके खेती मे कम बीजदर, कम पानी एवं अधिक पैदावार होता है, जिससे खेती मे कम लागत आती है संस्था के माध्यम से किसानों को श्रीं विधि के बारे में प्रशिक्षण भी दिया। इस पहल से किसानों को धान की खेती में सुधार करने और अपनी आय बढ़ाने में मदद मिलेगी।यह कार्यक्रम जलवायु अनुकूल कृषि के तहत चलाया जा रहा है।



# लिपिक शिशुपाल सिंह यादव तत्काल प्रभाव से निलंबित, आरोप पत्र होंगे जारी

क्यूँ न लिखूँ सच/राजेंद्र विश्वकर्मा / कालपी नगर पालिका परिषद में कार्यरत लिपिक शिशुपाल सिंह यादव को शासन द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, कालपी के पत्र क्रमांक 77/अधि0अधि0/न.पा.प.का./2025-26 दिनांक 18 जुलाई 2025 के सन्दर्भ में की गई है। निलंबन की यह कार्यवाही उत्तर प्रदेश सरकारी सेवा नियमावली-1966, उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक नियमावली-1999 के नियम-4(1), एवं उत्तर प्रदेश पालिका (अकेन्द्रियत) सेवा (22वां संशोधन) नियमावली-2004 के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों के तहत की गई है। निलंबन की अवधि में श्री यादव को वित्तीय नियम संग्रह खण्ड-2, भाग-2 से 4 के मूल नियम 53 के अनुसार जीवन निर्वाह भत्ते की धनराशि अर्द्ध वेतन के बराबर प्रदान की जाएगी। साथ ही, महंगाई भत्ता केवल उन्हीं को मिलेगा जिन्हें निलंबन से पूर्व यह देय था। अन्य प्रतिकर भत्ते भी तभी देय होंगे, जब संबंधित मद में वास्तविक व्यय प्रमाणित किया जाएगा। इसके लिए श्री यादव को यह प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा कि वह किसी अन्य सेवायोजन, व्यापार या व्यवसाय में संलग्न नहीं हैं। निलंबन की अवधि में शिशुपाल सिंह यादव को अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से सम्बद्ध किया गया है। उनके द्वारा पूर्व में देखे जा रहे समस्त कार्य एवं पटल राजस्व निरीक्षक नगर पालिका परिषद, कालपी को आवंटित कर दिए गए हैं। यह आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावी कर दिया गया है।

# जर्जर प्राथमिक विद्यालय जौगढ़ को कराया गया ध्वस्त

क्यूँ न लिखूँ सच/ प्रेमचंद जायसवाल / श्रावस्ती। जनपद में जर्जर विद्यालयों को ध्वस्त किये जाने के क्रम में आज विकास खण्ड हरिहरपुररानी के प्राथमिक विद्यालय जीगढ़ को ध्वस्त कराया गया है। यह विद्यालय अत्यन्त प्राचीन था तथा विद्यालय की छत पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी थी, जिससे



बच्चों के जान को खतरा था। उक्त विद्यालय के संबंध में पी0डब्लू0डी0, लघु सिंचाई तथा आर0ई0डी0 की संस्तुति के आधार पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी है। वर्ष 2024-25 में 53 विद्यालयों को ध्वस्त किया गया है तथा द्वितीय चरण में विद्यालयों के स्थलीय सत्यापन की कार्यवाही गतिमान है, जिसके क्रम में पहले चिन्हित जर्जर विद्यालय प्रा0वि0 जौगढ़ को ध्वस्त कराया गया है। उक्त जानकारी जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने दी है। उन्होने बताया है कि पूर्व में हुई घटनाओं के आधार पर सभी विद्यालयों, मदरसों एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों का सेफ्टी आडिट कराया जा रहा है। इसमें जो भी इमारतें सुरक्षा के दृष्टिकोण से असुरक्षित पाये जाएंगे, उनका संचालन बन्द कराया जाएगा। उन्होने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 53 विद्यालय चिन्हित किये गये थे, जिन्हें ध्वस्त करा दिया गया है। इसके अतिरिक्त 30 से अधिक भवनों का चिन्हांकन किया गया है। इसके अतिरिक्त जिला स्तरीय कमेटियों का गठन कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि बच्चों की सुरक्षा का विषय नितान्त महत्वपूर्ण एवं शीर्ष प्राथमिकता का है ऐसे में किसी भी प्रकार की लापरवाही अक्षम्य है। ऐसे विद्यालय एवं मदरसे जिनका निर्माण वर्ष प्राचीन है उनकी सुरक्षा ऑडिट कराते हुए कार्यवाही संपादित की जायेगी। वर्तमान में मुख्यमंत्री के निर्देश के क्रम में जर्जर विद्यालयों एवं मदरसों की पुनः सुरक्षा ऑडिट हेतु जनपद स्तरीय एवं ब्लाक स्तरीय समिति का गठन किया गया है। जनपद स्तरीय समिति में अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी तथा अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत की 4 सदस्यीय समिति का गठन के साथ ही ब्लाक स्तर पर खण्ड विकास अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी, सहायक अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, अवर अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, अवर अभियन्ता, जिला पंचायत, अवर अभियन्ता, इण्डो नेपाल, लोक निर्माण विभाग की समिति का गठन किया गया है, जिनके द्वारा विद्यालयों, आंगनवाड़ी तथा मदरसों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए विद्यालय, आंगनवाड़ी एवं मदरसा भवनों की स्थिति का गहन मूल्यांकन किया जायेगा तथा चिन्हित जर्जर विद्यालयों, आंगनवाड़ी एवं मदरसों के संबंध में उनके मरम्मत के संबंध में स्पष्ट आख्या के आधार पर अग्रेतर कार्यवाही संपादित की जायेगी। उन्होने जन सामान्य से भी अपील किया है कि यदि उनकी ग्रामसभा या नगर पंचायत/नगर पालिका वार्ड में अवस्थित विद्यालयों एवं मदरसों की स्थिति ठीक नहीं है तो वे उसकी जानकारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को दे सकते हैं, जिससे बच्चों को सुरक्षा के दृष्टिगत जर्जर विद्यालयों एवं मदरसों की मरम्मत या उनके ध्वस्तीकरण की कार्यवाही संपादित करायी जा सके। अध्यापकों से भी इस बात की अपील है कि उनके द्वारा बच्चों को किसी भी दशा में जर्जर भवनों में न बैठाया जाये, जिससे कोई अप्रिय स्थिति उत्पन्न हो।

# कांग्रेस अध्यक्ष हाशमी ने बाढ़ग्रस्त इलाकों का किया दौरा

क्यूँ न लिखूँ सच/ प्रेमचंद जायसवाल / प्रयागराज- शहर कांग्रेस अध्यक्ष फुजैल हाशमी ने मंगलवार को बाढ़ग्रस्त प्रभावित इलाकों करेली स्थित गड्ढा कॉलोनी , ऐनुद्दीनपुर ,करेला बाग, करामत अली की चौकी के आसपास के अलावा गोविंदपुर , मेंहदौरी , शंकरघाट , बख्शी बांध, नागवासुकी,दारागंज आज क्षेत्रों का तूफानी दौरा कर बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया । उन्होंने बाढ़ प्रभावित लोगों से भेंट कर उन्हें पार्टी की तरफ से राहत सामग्री



प्रदान की और उनकी समस्याओं को सुना। आरोप लगाया कि प्रशासन द्वारा लोगों को न तो उचित मदद उपलब्ध करायी जा रही, न ही नाव मुहैया की जा रही। हाशमी ने नवागत जिलाधिकारी वर्मा से नगर के प्रभावी इलाकों में सभी संसाधन प्रदान कराये जाने की अपील की । बताया कि प्रत्येक क्षेत्र में वार्ड अध्यक्षों और शहर पदाधिकारियों को लगातार निगरानी के लिए लगाया गया है। इस मौके पर उनके साथ अल्पसंख्यक विभाग के नगर अध्यक्ष अरशद अली , अनूप त्रिपाठी प्रवेश सिद्दीकी अनिल चौधरी मोहम्मद हसीन रामेश्वर सोनकर राजेश मिश्रा मोहम्मद शकूर विशाल सोनकर जाहिद नेता तबरेज अहमद केशव पासी आदि थे।

# राम प्यारी देवी रेजा ट्रस्ट से जुड़े प्रतिनिधि मंडल ने पालिकाध्यक्ष से मुलाकात की

क्यूँ न लिखूँ सच/राजेंद्र विश्वकर्मा / /गोशाला के पास पिंडारी रोड पर सड़क चौड़ी होगी पालिकाध्यक्ष कोंच(जालौन) स्व रामप्यारी देवी रेजा एजुकेशनल ट्रस्ट के एक प्रति निधि मंडल ने



नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता के गांधी नगर स्थित आवास पर बने उनके कार्यालय में जाकर मुलाकात की इस अवसर पर उनसे नगर पालिका द्वारा नगर में हो रहे विकास कार्य एवं प्रस्थावित विकास कार्यों के बारे में जानकारी ली इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने बत लाया कि नगर पालिका नगर के चहुमुखी विकास के लिये कार्य कर रही है इसमें क्षेत्र के विधायक मूलचंद निरंजन जी एवं नगर पालिका से जुड़े सभी सभासदों के सहयोग से लगा तार विकास हेतु सतत प्रयत्न शील है उन्होंने कहा कि पालिका द्वारा नगर के नहर से लेकर पंचानंन चौराहे तक सड़क का चौड़ी करण एवं डिवाइडर का काम प्रस्तावित है तथा कोंच नगर में आठ धार्मिक स्थलों पर वाटर कूलर स्थापित किये जा चुके हैं एवं नगर के प्रमुख चौराहों पर हाई मास्क लाइट लगाई जायेगी साथ ही नगर में प्राचीन श्री गणेश मंदिर गढी एवं गायत्री मंदिर का व्रहद स्तर पर सौंदर्य करण का कार्य प्रस्तावित है एवं नगर में आधा दर्जन पार्क विकसित किये जा रहे हैं तथा हाटा स्थित पालिका की कान्हा गौशाला के पास घुसिया व पिंडारी रोड पर सड़क का चौड़ी करण का कार्य भी प्रस्तावित है नगर में विकास की गंगा बहाने का तेजी से काम किया जावेगा और यह विकास कार्य नगर के सभी क्षेत्रों में बिना किसी भेदभाव के किया जायेगा अवसर पर प्रतिनिधि मंडल में शिक्षाविद प्रोफेसर वीरेंद्र सिंह इंजीनियर राजीव कुमार रेजा शिक्षक नेता राम शंकर छानी बागीश्वरी साहित्य परिषद कोंच के अध्यक्ष मयंक मोहन गुप्ता ठेकेदार भारत विकास परिषद के अध्यक्ष समाज सेवी वव्वू राजा पटेल नरी सहित कई लोग उपस्थित रहे

# जिलाधिकारी ने उर्वरकों पर ओवररेटिंग की शिकायत का लिया संज्ञान

क्यूँ न लिखूँ सच/ प्रेमचंद जायसवाल / श्रावस्ती। जनपद के जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी और पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने उर्वरक विक्रेताओं द्वारा अधिक कीमत वसूलने की शिकायतों के मद्देनजर विकास खंड जमुनहा के नकहा निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने ई-रिक्शा पर उर्वरक ले जा रहे कई व्यक्तियों को रोककर पूछा पहले व्यक्ति के पास 15 बोरी उर्वरक मिली, जिसे कृषक संजय, विक्रम वर्मा और बिटाना ने खरीदा था। किसानों ने बताया कि उन्होंने साधन सहकारी समिति लखईया चौराहा से 266 रुपये प्रति बोरी की



दर से उर्वरक खरीदा है। इसके बाद दूसरे ई-रिक्शा को रोककर पूछताछ की गई। गंगाराम और सर्वजीत ने बताया कि उन्हें 280 रुपये प्रति बोरी की दर से उर्वरक बेचा गया है। इस जानकारी पर जिलाधिकारी ने तुरंत उप कृषि निदेशक को फोन कर निर्देश दिए कि उर्वरक विक्रेता के पास जाकर मूल्य का सत्यापन कराया जाए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट मैत्ररेटिंग की शिकायत सही पाई जाती है तो संबंधित विक्रेता पर कड़ी कार्रवाई जाए। इस निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी भिनगा आशीष भारद्वाज सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# गंगा नहाने गए पांच किशोरों में तीन की डूबकर मौत, दो को ग्रामीणों ने बचाया थरवई थाना क्षेत्र की घटना

क्यूँ न लिखूँ सच/ प्रेमचंद जायसवाल / यागराज, थरवई। थरवई थाना क्षेत्र के मनसैता गांव में मंगलवार को गंगा स्नान के दौरान दर्दनाक हादसा हो गया। गांव के पास स्थित मनकामेश्वर मंदिर के



सामने गंगा कछार में नहाने उतरे पांच किशोरों में से तीन गहरे पानी में डूब गए। चीख-पुकार सुनकर ग्रामीणों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दो बच्चों को किसी तरह बचा लिया, लेकिन तीन की जान नहीं बच सकी।मृतकों की पहचान शशांक पाल (16) पुत्र मनोज कुमार पाल निवासी मनसैता, उत्कर्ष पाल (15) पुत्र रवि पाल निवासी बहमलपुर और लकी उर्फ अभिषेक (16 पुत्र शशि कुमार निवासी पूरनतारा, थरवई के रूप में हुई है। तीनों किशोर कक्षा 9 के छात्र थे और आपस में घनिष्ठ मित्र भी बताए जा रहे हैं।स्थानीय सूत्रों के अनुसार, दोपहर करीब 12 बजे पांचों किशोर गंगा नहाने पहुंचे थे। नहाते-नहाते वे गहराई की ओर बढ़ गए, जहां पानी में फंसकर तीन लड़के डूब गए। शोर सुनकर ग्रामीण दौड़े और जान जोखिम में डालकर शिवम पाल (14) पुत्र शंकरलाल तथा अमन पाल (11) पुत्र भूलेंद्र पाल उत्कर्ष अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था, जबकि लकी को परिवार का होनहार बेटा बताया गया है।घटना की सूचना मिलते ही थरवई पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों शवों को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्रशासन की ओर से राहत कार्य और आवश्यक कार्यवाही की जा रही हैं मौके पर पुलिस उपयुक्त गंगानगर विधायक गुरु प्रसाद मौर्य उप जिलाधिकारी हीरालाल सैनी सहायक पुलिस आयुक्त चंद्रपाल सिंह साहित्य कई थाने की पुलिस मौके पर मौजूद रही

## संक्षिप्त समाचार

### नदीगांव थाने के सब इंस्पेक्टर विशाल शर्मा ने सट्टा पर्ची के साथ पकड़ा

क्यूँ न लिखूँ सच/पवन कुमार/ कोंच(जालौन) कोंच सर्किल के थाना नदीगांव में कार्यरत सब इंस्पेक्टर विशाल शर्मा ने ग्राम अखनीबा से एक व्यक्ति को सट्टा पर्ची के साथ गिरफ्तार किया है पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम सुंदर सिंह पुत्र भोजराज सिंह निवासी ग्राम अखनीबा बताया है पुलिस ने बताया है कि उसके पास से दो अदद सट्टा पर्ची 22 सो रुपया और एक सादा कागज बरामद हुआ है पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा धारा 13 जी एक्ट में दर्ज कर लिया है

### दरोगा राम वीर सिंह ने शराब के साथ एक पकड़ा

क्यूँ न लिखूँ सच/पवन कुमार/ कोंच(जालौन) कोतवाली के तैनात दरोगा रामवीर सिंह ने गस्त के दौरान कैलिया बाई पास पुलिया से मानवेंद्र उर्फ रवि पुत्र हरदास निवासी ग्राम बसोंब को गिरफ्तार किया है जब उसके पास से तलाशी ली गई तो कब्जे से छह लीटर कच्ची शराब बरामद की है पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा धारा 60 आबकारी अधिनियम में दर्ज कर उसका चालान कर दिया है

### बाढ़ में फंसे 21 लोगों को रेस्क्यू कर निकाला गया बाहर

क्यूँ न लिखूँ सच/ अरविन्द कुमार यादव / श्रावस्ती जिले के तहसील भिनगा अंतर्गत ग्राम अशरफ नगर में 21 नागरिकों के फंसे होने की सूचना प्राप्त होने पर डीएम अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार एसडीएम आशीष भारद्वाज ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू हेतु एसडीआरएफ टीम को निर्देशित किया। जिला प्रशासन एवं एसडीआरएफ



टीम की कड़ी मेहनत के बाद सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया तथा मौके पर मौजूद चिकित्सकों की टीम द्वारा पीड़ितों का प्राथमिक उपचार कराया गया। जिसके बाद सभी पीड़ितों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। जिसकी घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए जिलाधिकारी द्वारा पल-पल की सूचना ली गई। सभी को को बाढ़ शरणालय पर सुरछित पर पहुंचा दिया गया। इस दौरान एसडीएम भिनगा, एसडीआरएफ टीम व अन्य अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

### युवती को दो युवकों की सहयोग से एक युवक भगा ले गया

क्यूँ न लिखूँ सच/ प्रेमचंद जायसवाल / प्रयागराज मऊआइमा (प्रयागराज) मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव की एक उन्नीस वर्षीय युवती को एक युवक अपने प्रेम जाल में फंसाकर भगा ले गया। साथ में दो युवकों पर षड्यंत्र रचने का आरोपी भी बनाया गया है। युवती की माता ने मुकदमा दर्ज करा दी है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव की एक 19 वर्षीय युवती को गांव का युवक अपने प्रेम जाल में फंसाकर कर 31 जुलाई को भगा ले गया। तथा दो अन्य युवकों पर साजिश रचने का आरोप भी लगा है। बुधवार को युवती की माता ने मऊआइमा थाने में प्रेम सरोज और उसके दो सहयोगी छोटू सरोज और राज कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

### अल्पसंख्यक कांग्रेस ने मनाया इमरान प्रतापगढ़ी का जन्म दिन

क्यूँ न लिखूँ सच/ प्रेमचंद जायसवाल / प्रयागराज / शहर कांग्रेस कार्यालय में अल्पसंख्यक कांग्रेस कमेटी ने राज्यसभा सांसद एवं अल्पसंख्यक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष जनाब इमरान प्रतापगढ़ी का जन्म




दिन मनाया और एक दूसरे को मिठाइयां खिलाकर बधाई दी। इससे पहले सुबह करेली स्थित मदरसे के बच्चों के भी कांग्रेसियों ने दुआ खानी करा के इमरान प्रतापगढ़ी की लंबी उम्र औरअच्छी सेहत की दुआ की गई। इस मौके पर अल्पसंख्यक कांग्रेस निवर्तमान शहर अध्यक्ष अरशद अली ने बताया इमरान प्रतापगढ़ी जी ने गरीबों मजलूमों अगले पिछड़े अल्पसंख्यकों की लड़ाई सड़क से लेकर संसद तक लड़ने का काम लगातार कर रहे हैं। इस मौके पर शहर उपाध्यक्ष परवेज सिद्दीकी, मो नसीम, मो हसीन मुख्तार अहमद, विशाल सोनकर, महफूज अहमद,अधिवक्ता तबरेज अहमद, मो लईक, मो अल्तमस खान, मो आसिफ, मो सरताज, कमाल अली, मो अकमल आदि मौजूद रहे।

# Make tasty banana pancakes at home without eggs, not just kids; even adults will be happy

Are your kids bored of eating the same breakfast everyday or do you want to try something new and healthy yourself? If yes, then this recipe is just for you! Yes, we have brought for you an easy recipe to make tasty banana pancakes without eggs which you can easily try in the morning rush. Are you bored of the same type of breakfast every morning? Do your kids show tantrums in having breakfast early in the morning? If yes, then this is the right time when you can prepare tasty pancakes for them, that too without eggs (Banana Pancakes Without Eggs). Yes, today we are going to tell you such a recipe, which will be ready in minutes and its taste will make everyone from children to adults crazy about your cooking. Let's know. Ingredients for making Banana Pancakes 2 ripe bananas 1 cup maida (or flour) 1 teaspoon sugar (you can add more or less according to your taste) 1/2 teaspoon baking powder 1 cup milk A pinch of salt A little oil or butter Method of making Banana Pancakes First of all, mash both the ripe bananas well in a bowl, so that there are no lumps left. Now add maida, sugar, baking powder and salt to it and mix well. Add milk slowly and beat the mixture. Keep in mind that the batter is neither too thick nor too thin. Now heat a non-stick pan and put a little oil or butter on it. Make a pancake by filling a spoon with the prepared batter. Cook it until bubbles start appearing on the surface. Now turn it over and cook on the other side till it becomes golden. Your tasty and fluffy Banana Pancakes are ready. Serve them hot with honey, maple syrup or fresh fruits. Believe me, these are so tasty that not only children, but also adults will be happy to eat them.



# 84% IT employees of Hyderabad are victims of fatty liver, know which symptoms can identify it

According to a study, 84% IT employees of Hyderabad are suffering from the problem of fatty liver. This figure shows how bad lifestyle is affecting our liver. However, with the help of some symptoms (Fatty Liver Warning Signs), it can be detected early and it can also be avoided by making some improvements in the lifestyle. Fatty liver is a very serious problem. 84% IT employees of Hyderabad are suffering from fatty liver. If fatty liver is not treated quickly, it can gradually damage the liver. According to a study published in the journal Nature Scientific Reports, 84% IT employees of Hyderabad are suffering from the problem of fatty liver. Actually, fatty liver is a condition in which excess fat gets accumulated in the liver, which gradually damages the liver. Therefore, it is important that we understand the causes and symptoms of fatty liver, so that we can take the right steps to prevent it. Let us know why fatty liver occurs, what are its symptoms and how it can be avoided. Why does fatty liver occur? Unhealthy diet- Excess fried food, fast food, processed food and sweet drinks put more pressure on the liver. Also, refined carbohydrates, such as maida, white rice etc. and food rich in trans fat are the main causes of fatty liver. Physical inactivity- Working for long hours by sitting and lack of exercise promotes obesity and fatty liver. Obesity and insulin resistance- People with obesity, diabetes and metabolic syndrome are at higher risk of fatty liver. Drinking alcohol- Alcohol damages the cells of the liver, which can lead to alcoholic fatty liver disease (AFLD). Stress and lack of sleep- Lack of proper sleep and constant stress damage the liver and are also a major cause of fatty liver. What are the symptoms of fatty liver? There are no specific symptoms of fatty liver in the initial stage, but as the condition worsens, some such signs can be seen - Fatigue and weakness Pain or heaviness in the upper abdomen Loss of appetite Weight loss Jaundice (yellowing of the skin and eyes) Swelling in the legs Itching of the skin Shortness of breath Redness of the palms Appearance of blood vessels like spider webs If not treated in time, it can take the form of serious diseases like liver cirrhosis or liver cancer. Measures to prevent fatty liver Take a healthy diet - Make fresh fruits, green vegetables, whole grains and high-fiber foods a part of your diet. Include omega-3 fatty acids, such as fish, walnuts, flaxseeds and antioxidants, such as berries, turmeric etc. in the diet. Exercise regularly - Do at least 30 minutes of physical activity every day, such as walking, yoga or cycling. Control weight - Reducing obesity reduces the fat deposited on the liver. Therefore, if you are overweight, then lose weight with the help of diet and exercise. Avoid alcohol and smoking- Alcohol and cigarettes cause serious damage to the liver, so stay away from them. Stay hydrated- Drinking plenty of water flushes out toxins from the body and keeps the liver healthy. Consult a doctor- If you feel that you are showing symptoms of fatty liver, then contact a doctor.




# Risk of antibiotic resistance in children under five years of age! Truth revealed in research

You must have taken antibiotics without asking a doctor many times? But do you know that due to this your body becomes antibiotic resistant. Its effect can be seen most in children, especially in malnourished children. This has also been revealed in a research. A research has revealed that antibiotic resistance can increase in children under the age of 5. This problem can be more in malnourished children. Due to antibiotic resistance, medicines are unable to fight bacterial infections. People often think less about how dangerous the use of antibiotics without asking a doctor can prove to be. This is the reason why many people take antibiotics on their own when they have a cold and cough without consulting a doctor. But this can prove to be very harmful for health, especially for children. Let's know how. The risk of developing antimicrobial resistant bacteria can increase significantly in severely malnourished children under the age of five. This concern has been raised by researchers at the Ionia Oxford Institute for Microbial Research (IOI) after a study. Risk of fatal infection due to malnutrition - Scientists said that globally, 45 million children under the age of five are victims of severe malnutrition. Also, due to a weak immune system, such children are at a higher risk for developing fatal infections like tuberculosis or sepsis. Antibiotic resistance is increasing in children - During this period, researchers analyzed more than 3,000 rectal swabs from 1,371 children undergoing treatment for severe malnutrition between 2016 and 2017. In the study, researchers found that about 70 percent of the children did not have carbapenem-resistant bacteria when admitted, but it was found in them at the time of discharge. Carbapenem is a class of last-resort antibiotics that is used when other antibiotics fail to treat the infection. The findings, published in the journal Nature Communications, showed that 76 per cent of the children carried bacteria with extended-spectrum beta-lactamase genes, which have the ability to break down many commonly used antibiotics. Extended-spectrum beta-lactamase (ESBL) is an enzyme made by some bacteria. One in four children (25 per cent) carried bacteria with carbapenem genes, which confer resistance to some of the most powerful and last-line antibiotics, the researchers said. "While our study focused on one treatment centre in Niger, this situation may be seen in many other hospitals around the world," lead author Dr Curtie Sands said. She said antibiotics are life-saving medicines that are becoming ineffective due to antimicrobial resistance.



# This is the first Indian film to enter the 300 crore club, it has also made its mark abroad

Every year many films are released in Bollywood, some of them are remembered and some go unnoticed. There are some that break big records at the box office. Recently released Saiyaara touched the 300 crore mark at the box office. But do you know which was the first Bollywood film to enter the 300 crore club? The first Indian film to cross 300 crores This film started the 300 crore club Recently Saiyaara crossed this figure Mohit Suri's 'Saiyaara' is in the news these days. Ahaan Pandey-Anit Padda starrer film is winning the hearts of the audience as well as making a splash at the box office. It has been 17 days since the musical romantic was released and it has become the first Bollywood film to earn 300 crores in which two new lead actors have worked. But today we will talk about the film which became the first Bollywood film to enter the 300 crore club. The first film to enter the 300 crore club and set this milestone at the box office was Aamir Khan's PK. Yes, 'PK' released in 2014 was not only the first Bollywood but also the first Indian film to make a record of earning 300 crores. The budget of this film was 122 crores and according to Sakshanilk, its India net collection was Rs 340.8 crores. The worldwide collection of the film was Rs 792 crores. With this, the film got the title of all time blockbuster. Aamir Khan played the lead role in PK and his name was PK who comes from another planet, and questions the ways of this world, especially exposes the scams going on in the name of religion. In the film, Anushka Sharma played the role of a journalist who helps PK to go to his home. Sushant Singh Rajput and Boman Irani were also in important roles in it. The first film to earn 200 crores was also Aamir Khan's. Not only 300 crores, the first film to enter the 200 crores club was also Aamir Khan's. This film is 3 Idiots. The interesting thing is that both the films have been directed by Rajkumar Hirani. 3 Idiots was released in 2009 and this film also became an inspiration for many people. Not only this, Aamir Khan's film Dangal is the highest grossing film of Indian cinema right now which has earned Rs 2000 crores. No film has broken this record so far.



# My son was murdered... Mother demands investigation into Sunjay Kapoor's death, sensational claims in the letter?

Businessman and actress Karisma Kapoor's ex-husband Sanjay Kapoor's name is continuously making headlines even after his death. Sometimes due to his 30 thousand crore property and sometimes due to his sudden death. Now Sanjay's mother Rani has claimed a conspiracy to murder her daughter. Sanjay Kapoor died on 12 June. Mother Rani Kapoor demanded British police. Mother made these claims regarding Sanjay's death. Bollywood actress Karisma Kapoor's ex-husband Sanjay Kapoor's name is continuously making headlines even after his death. The main reason for which is the dispute over the division of his business empire Sona Comster's 30 thousand crore property. In this case, Sanjay's mother and former president of Sona Comster Rani Kapoor has made many shocking claims earlier. Now the news is that she has expressed the fear of her son's murder and in this regard, she has also written a special letter to the British police regarding criminal investigation, in which many kinds of claims have been made. Let's understand this in a little more detail. Sanjay's mother Rani's shocking claim Sanjay Kapoor died suddenly on 12 June. This was the same day when a terrible accident of air plane crash took place in Ahmedabad. A social media tweet also came from Sanjay on this matter and after a while the news of his death has also come out, which has surprised everyone. Now another new twist has come in this case. According to the news of Mid Day, Sanjay's mother Rani Kapoor has written a letter to the British police, in which she has claimed that she has demanded a comprehensive investigation of the unclear mysterious circumstances related to her son's death. Rani Kapoor believes that Sanjay's death was not natural and accidental but due to a wrong conspiracy. The news is also that Rani Kapoor has also appealed to the British law enforcement agencies for immediate intervention. According to media reports, Sanjay Kapoor's mother claims that there could be conspiracies like provocation, fraud, forgery behind the murder of her son. However, nothing can be said officially about this matter. Earlier, she had said in a conversation with ANI - I have grown old now, I do not know completely what happened to my son. I want peace about this matter before I die. Dispute over property worth 30 thousand crores - Actually, after the death of Sanjay Kapoor, the dispute over his inheritance worth 30 crores remains in the news. Sanjay's third wife Priya Sachdev has been appointed as the non-executive director of Sona Comster. At the same time, there are also discussions that Karisma Kapoor can also claim this property.



# Farah Khan started flirting with Bollywood actor in front of his wife, said- 'I want to do casting couch'

Choreographer and director Farah Khan went to the house of a Bollywood actor and talked about doing casting couch with him. Not only this, she flirted with the actor in front of his wife in such a way that the cook Dilip threatened her that he would complain about her to the boss. Farah Khan is in the limelight due to cooking vlog Farah wanted to do casting couch with the actor Farah Khan flirted with Bollywood actor Farah Khan is known for her outspoken style and funny nature. She may be away from films, but through YouTube vlogs, she always shares some interesting things related to her life. Recently, Farah Khan went to the house of a Bollywood actor with whom she was seen flirting. Farah Khan goes to the houses of many celebrities for her food vlog shows and shares interesting stories along with cooking. But in the recent vlog, she was seen flirting with a well-known actor. This actor is Boman Irani. Farah Khan's flirt with Boman Irani Boman Irani and Farah Khan have worked together in two films Main Hoon Na and Happy New Year. Recently, she went to the actor's house and not only flirted with him, but even talked about casting couch. In her latest video, she tells Dilip that if he flirts with Boman Irani, he should not tell her husband (Shireesh Kunder) about this. Dilip asks what flirting is. Farah calls Boman's wife a co-wife - Farah tells her about flirting and Dilip whispers to himself that he will tell Saheb about this. After this, she enters Boman Irani's house and the door is opened by his wife Zenobia, whom Farah calls her co-wife. Meanwhile, Boman comes and taking his wife's side, calls her a co-wife instead. Both hug each other again and kiss each other on the side and Farah tells Dilip not to tell Saheb. Dilip threatens to tell Shirish- Farah Khan again hugs Boman Irani and tells Dilip not to tell Saheb. But Dilip is not ready to listen. When he says that he will tell Saheb, both shout at him and silence him and the director says that when his wife has no problem then what problem does she have? Wanted to do casting couch with Boman- Farah Khan says jokingly, "I wanted to do casting couch only once for one of my films, that too only with Boman Irani. But he got the movie just like that and he could not sit on the couch." After this she asks Dilip if he knows about casting couch. Dilip says- no. Taking a sigh of relief, Farah sends him to the kitchen. Farah tells the story with Boman- Rah then starts flirting with Boman Irani and that too in front of his wife. Boman is surprised and asks how can she laugh? To this the choreographer says, "Because she knows that no one will believe that we are having an affair." Then Dilip comes in between and asks what she is doing with Boman. He will tell the boss about this. Farah Khan jokingly says that both she and Boman are married. At this the actor says that sometimes he forgets that he is married. After this Farah tells an anecdote, when she reached Boman's birthday party wearing mascara and lipstick. Then Boman flirtingly said, "You don't need lipstick." To this Farah says, "But it is fun to remove lipstick later." Hearing this, Boman starts laughing loudly. People are liking this love-filled fun between Farah Khan and Boman Irani.

